26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 20 मई, 2026
अंक- 205 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

# मंत्रिमंडल विस्तार के बाद अब होगा भाजपा संगठन की नई टीम का गठन

–देवराज सिंह

लखनऊ (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश में बहुप्रतीक्षित मंत्रिपरिषद विस्तार के बाद अब भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। पार्टी अब प्रदेश संगठन की नई टीम के गठन को अंतिम रूप देने में जुट गई है। पिछले कई दिनों से राजधानी लखनऊ में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के बीच लगातार बैठकों और विचार-विमर्श का दौर चल रहा था। इन बैठकों में संगठन के विभिन्न पदों के लिए संभावित नामों पर कई चरण में विस्तार से चर्चा की गई। गहन विचार- विमर्श के बाद तय नामों की अंतिम सूची दिल्ली भाजपा आलाकमान को भेज दी गई है। बताया जा रहा है कि आज दिल्ली में होने वाली हाई-लेवल बैठक में संभावित नामों पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

इस अहम बैठक में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष के समक्ष उत्तर प्रदेश बीजेपी संगठन के संभावित पदाधिकारियों के नामों की सूची रखी जाएगी। बैठक में यूपी बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह भी दिल्ली पहुंचेंगे। बैठक में राज्य के सभी क्षेत्रों, जिलों और सामाजिक समीकरणों को ध्यान में रखते हुए नाम पर गहन चर्चा की जाएगी।


प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी।

बताया जा रहा है कि हाल ही में हुए यूपी कैबिनेट विस्तार में बड़े स्तर पर कोई फेरबदल नहीं किए गए थे। उसी तरह बीजेपी संगठन में भी पुराने और अनुभवी नेताओं को वरीयता दी जाएगी और उन्हें अहम जिम्मेदारियां दी जा सकती हैं। पार्टी संगठन में नई ऊर्जा लाने के उद्देश्य से करीब 50 से 60 प्रतिशत नए चेहरों को भी अवसर दिये जाने की संभावना जताई जा रही है। वहीं, लगभग 40 से 50 फीसदी वर्तमान पदाधिकारियों को अनुभव और संगठनात्मक पकड़ के आधार पर फिर से पार्टी को मजबूत करने का दायित्व सौंपा जा सकता है।

## विस चुनाव के मद्देनजर होगा संगठनात्मक बदलाव

बीजेपी संगठनात्मक बदलाव के जरिए आने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारी को और भी ज्यादा मजबूत करना चाहती है। इस फेरबदल के जरिए आलाकमान सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन को साधने की भी कोशिश करेगा। नई टीम में हर वर्ग को तरजीह दी जाएगी। ओबीसी, दलित और सवर्ण वर्गों के नेताओं को क्षेत्रीय संतुलन के आधार पर प्रतिनिधित्व देने की रणनीति बनाई जा रही है। इसके साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्वांचल, बुंदेलखंड और अवध क्षेत्र के नेताओं को भी संगठन में उचित भागीदारी दी जाएगी, ताकि भाजपा का बूथ स्तर तक नेटवर्क और मजबूत हो सके। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा आगामी चुनावों से पहले संगठन को नए स्वरूप में पेश कर कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरना चाहती है। यूपी बीजेपी संगठन की नई टीम का जल्द ही ऐलान किया जा सकता है।

# सूर्यवंशी का 'हल्ला-बोल'

**राजस्थान टॉप -4 में**

वैभव सूर्यवंशी... आईपीएल 2026 का वह नाम, जिसने सिर्फ रन नहीं बनाए, बल्कि अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से पूरे टूर्नामेंट की धड़कन बदल दी है। मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 38 गेंदों में 93 रन की तूफानी पारी खेलकर इस 15 साल के बल्लेबाज ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह सिर्फ उभरता सितारा नहीं, बल्कि भारतीय क्रिकेट का अगला बड़ा सुपरस्टार बनने की राह पर है। राजस्थान रॉयल्स ने इस मुकाबले को पांच गेंदें बाकी रहते 7 विकेट से जीतकर प्लेऑफ की ओर मजबूत कदम बढ़ाया, लेकिन मैच खत्म होने के बाद चर्चा सिर्फ और सिर्फ वैभव सूर्यवंशी की हो रही थी। ऑरेंज कैप की रेस में भी वैभव सूर्यवंशी ने बड़ा धमाका किया है, जिससे राजस्थान टॉप 4 में पहुंच गया है।

## पाठकों से

आज के अंक के साथ 8 पेज का रंगीन शिक्षा परिशिष्ट भी अपने एजेंट/हॉकर से लेना न भूलें।

–व्यवस्थापक

## INFORMATION

My school records list my name as Mohd Al Moiz which is incorrect. My correct and real name is Mohd Almoiz and from now on, I will be known as Mohd Almoiz. Please update this name. Mohd Almoiz son of Mohd Izhar Mohalla Pathanpura, Najibabad, District Bijnor.

## बसपा से गठबंधन करना चाहते हैं राहुल

**मायावती के घर भेजे अपने दूत; बसपा सुप्रीमो ने वापस लौटाए**

कांग्रेस महासचिव राहुल गांधी का संदेश लेकर मायावती के दरवाजे पर पहुंचे कांग्रेस नेताओं को बैरंग लौटना पड़ा। मायावती ने मिलने से इनकार कर दिया। कांग्रेस नेता गेट पर अपना नाम लिखवाकर लौट आए। हालांकि पार्टी नेताओं का कहना है कि वे सिर्फ औपचारिक मुलाकात के लिए गए थे। बसपा प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती इन दिनों लखनऊ में हैं। यह जानकारी मिलने पर कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम, विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद तनुज पुनिया व अन्य नेता मायावती के आवास पर पहुंचे। उन्होंने मिलने का संदेश भेजवाया। चर्चा है कि वे कांग्रेस के महासचिव राहुल गांधी का संदेशा लेकर गए थे।

खुशखबरी! खुशखबरी!

**स्पेशल ईद ऑफर**

A Complete House of Interior
Ravi Interiors™
WALLPAPER HUB

ईद के मुबारक त्यौहार पर रवि इंटीरियर्स आपके सपनों के घर को सस्ते में सजाने का आकर्षक ऑफर लाया है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. P.V.C. CEILING PANEL | - | 140/- |
| 2. P.V.C. SUPER HEAVY | - | 170/- |
| 3. U.V. ROLL 10x4 F.T. | - | 480/- |
| 4. BLACK LINE FLUTED PANEL 10" | - | 240/- |
| 5. GOLD LINE FLUTED PANEL 12" | - | 350 |
| 6. W.P.C. PANEL 17 M.M. | - | 340/- |
| 7. U.V. SHEET 5D. | - | 2850/- |
| 8. U.V. SHEET 3D. | - | 2350/- |
| 9. U.V. SHEET DIGITAL | - | 2000/- |

* ऑफर 21 मई 2026 से ईद तक लागू!

पता- निकट सेंट मैरी स्कूल, देव हॉस्पिटल के सामने, नजीबाबाद रोड, बिजनौर (उ.प्र.)
मो. 7341126925, 7341126926

**बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़**

बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# बिजनौर शहर में दनादन, तेज रफ्तार में नाबालिग दौड़ा रहे वाहन

शेख मौ. आदिल

बिजनौर ( चिंगारी )। शहर की सड़कों पर बच्चों और किशोरों द्वारा तेज रफ्तार में बाइक दौड़ाने से हर समय दुर्घटना का भय बना रहता है। शहर के बाजारों और गलियों में रोजाना कम उम्र के लड़के तेज गति से वाहन दौड़ाते नजर आते हैं, जिससे लोगों में भय और चिंता का माहौल बना रहता है। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो कोई बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता। आलम यह है कि कुछ अभिभावक वाहन के पीछे बैठकर अपने बच्चों से वाहन चलवाने में शान समझते हैं। ऐसे अभिभावक नहीं समझ रहे कि वे अपने बच्चों के साथ कितना खतरनाक खेल खेल रहे हैं। कानूनन बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाना अपराध है। इसके बावजूद शहर में खुलेआम नियमों की अनदेखी हो रही है। कई बार ये बच्चे बिना हेलमेट के सड़क पर स्टंट करते हुए भी दिखाई देते हैं, जिससे राहगीरों और अन्य वाहन चालकों की जान को खतरा रहता है।



उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमण्डल उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष मनोज कुच्छल का कहना है कि नाबालिगों में वाहन चलाने की प्रवृत्ति को रोकने की आवश्यकता है। आयेदिन हादसे भी हो रहे हैं, जिनमें अधिकांशत: नाबालिगों और युवकों की जान चली जाती है।



व्यापारी एकता परिषद के जिलाध्यक्ष अनुज शर्मा ने प्रशासन से अभियान चलाने की मांग की है। खासकर मुख्य बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में नाबालिग वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही उन अभिभावकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाये, जो जानबूझकर बच्चों के हाथ में बाइक देते हैं।



किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान का कहना है कि सड़क हादसे बढ़ते जा रहे हैं, इसके बावजूद लोग सबक लेने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों विशेषकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### अभिभावक पर होगा मुकदमा दर्ज: ट्रैफिक सीओ राकेश



ट्रैफिक सीओ राकेश कुमार वशिष्ठ का कहना है कि शहर में चैकिंग अभियान तेज़ किया जायेगा। नाबालिग के वाहन चलाते पकड़े जाने पर वाहन की जब्ती एवं सीज़ की कार्रवाई की जायेगी और वाहन स्वामी, बच्चों के अभिभावक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील है कि बच्चों को वाहन न दें।

## यमुना ढकाल का शेरकोट में भव्य स्वागत, पर्यावरण के प्रति जागरुक किया



शेरकोट ( चिंगारी )। मंगलवार को विश्व पर्यावरण जागरूकता अभियान के अंतर्गत भारत भ्रमण पर निकली नेपाल की प्रसिद्ध पर्यावरण कार्यकर्ता एवं राष्ट्रीय सेविका समिति नेपाल की सदस्य यमुना ढकाल का नगर की शिक्षण संस्थाओं में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। कल दोपहर यमुना ढकाल नगर के आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पहुंची, जहां शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में यमुना ढकाल ने कहा कि वर्तमान समय में प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने, वृक्षों को बचाने और अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आह्वान किया। पर्यावरणविद् सुबोध कुमार वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि बढ़ते प्रदूषण से उत्पन्न हो रही समस्याओं से निपटने के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी उपाय है। इन दोनों के प्रति समाज को संवेदनशील होना चाहिए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन, कैलाश चन्द्र, विजयपाल सिंह, मोहम्मद नफीस अंसारी, शकील अहमद, सुरेन्द्रपाल, रिहान अहमद, रईस अहमद, मोहम्मद आलम अंसारी, मोहम्मद रिजवान, अरशद हुसैन खां, मोहम्मद शहजाद, अबरार अहमद आदि मौजूद रहे। वहीं दक्ष आदर्श वैदिक इन्टर कालेज में भी यमुना ढकाल का स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य राजेश कुमार, उपप्रधानाचार्य विनीत कुमार, राकेश कुमार, ब्रह्मपाल सिंह, जितेंद्र कुमार, राजीव कुमार, देवेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, इदरीश अहमद, शैलेश यादव, जाबिर अली, मुजीब अहमद, संजय कुमार, मोहम्मद सलीम, शोमा रानी आदि उपस्थित रहे।











## अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाने पर प्रसन्नता जताई गई

नजीबाबाद ( चिंगारी )। पूर्व माध्यमिक विद्यालय नजीबाबाद में अनुदेशकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय स्टाफ ने अनुदेशकों को सम्मानित किया। इस मौके पर अनुदेशको का मानदेय बढ़ने पर प्रसन्नता व्यक्त कर योगी सरकार का आभार जताया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनुदेशको का मानदेय बढ़ाये जाने पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय नजीबाबाद में कार्यरत अनुदेशकों कुमुद सिंहल तथा राधा रानी का सम्मान करते हुए उन्हें बधाई दी गई। समरोह में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन ने सरकार द्वारा अनुदेशकों का मानदेय 9 हजार से बढ़ाकर 17 हजार करने के फैसले पर खुशी जताते हुए योगी सरकार का आभार व्यक्त किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शहनाज जबी, प्रतिज्ञा रानी, बी नजमा, शाहजहां परवीन आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी तथा प्रदेश की योगी सरकार को धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि ब्लॉक में 25 अनुदेशकों को बढ़े हुए मानदेय का लाभ मिला है।



## नवनियुक्त एआरपी डॉ. मनोरमा का शिक्षकों ने स्वागत किया



नजीबाबाद ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक कार्यकारिणी की एक आपातकालीन बैठक ब्लॉक संसाधन केंद्र, नजीबाबाद में हुई। जिसमें कार्यकारिणी के साथ काफी शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। बैठक में नवनियुक्त एआरपी डॉ. श्रीमती मनोरमा का स्वागत किया गया। साथ ही सफलता पूर्वक एक साल पूर्ण करने के उपलक्ष्य में एआरपी डॉ. राहुल वर्मा, रितेश भाटिया एवं श्रीमती सूची राणा का स्वागत व अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम में शामिल हुए सभी सम्मानित शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया। बैठक में ब्रजेश राजपूत, गीताराम शर्मा, कमल कुमार, संजय चौहान, दिव्या शर्मा, वसुधा आनंद, नंद किशोर, नंदनी बंसल, सोनी, तरुणा, राबिन सिंह, दीपक महिंद्रा, शोभना वर्मा, रामनिवास, अजय तोमर एवं संजीव सहरावत आदि उपस्थित रहे।

बिजनौर शहर में दनादन, तेज रफ्तार में नाबालिग दौड़ा रहे वाहन ( पेज 2 )



# रामगंगा नदी में नहा कर लौट रहे थे दो भाई, बाइक दीवार से टकराई, एक ने जान गंवाई

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** अनियंत्रित हुई बाइक दीवार से टकरा जाने से बाइक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम भगतावाला निवासी वीरेंद्र कश्यप का 22 वर्षीय पुत्र अभिषेक मंगलवार की पूर्वाह्न अपने तयेरे भाई विकास (27 वर्ष) पुत्र पीतांबर सिंह को साथ लेकर बाइक द्वारा बादीगढ़-कल्लूवाला रोड से होते हुए कालागढ़ रामगंगा नदी में नहाने गया था। नदी में नहाकर जब ये दोनों भाई अपराह्न 3 बजे इसी रोड से घर वापस लौट रहे थे तो सेंटर चौराहे से कुछ दूर ग्राम रायभानवाला में एक मोड़ पर अनियंत्रित हुई उनकी बाइक सड़क के एक ओर स्थित सुखविंदर सिंह के घर की दीवार में जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक दीवार तोड़कर अंदर जा घुसी जिससे अभिषेक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि विकास गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची रेहड़ पुलिस ने घायल विकास को पीएचसी कासमपुर गढ़ी पहुंचाया जहां से उसे हायर सेंटर रैफर किया गया। रेहड़ थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि पीएम रिपोर्ट व तहरीर आने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। मृतक अभिषेक अविवाहित था और काशीपुर स्थित एक फैक्ट्री में नौकरी करता था। वह सोमवार को ही घर वापस आया था। उसके पिता वीरेंद्र कश्यप विदेश में रहकर काम करते हैं, जबकि छोटा भाई अवनीश रामपुर में व हर्ष हापुड़ में रहकर पढ़ रहे हैं। मृतक की मां मीना देवी गृहिणी है जिनका रो-रोकर बुरा हाल है।



मृतक अभिषेक का फाइल फोटो

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल की अंक तालिका वर्ष 2010 जिसका अनुक्रमांक संख्या 0819172 एवं प्रमाण-पत्र व इंटरमीडिएट वर्ष 2012 की अंक तालिका जिसका अनुक्रमांक नंबर 0606247 व प्रमाण पत्र सहित अन्य जरूरी कागजात कहीं खो गये हैं।
**-सीमा पुत्री चतरू सिंह निवासी बेगमपुर शादी, जनपद बिजनौर मो. नं. 9758268438**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र आमोद कुमार शर्मा व उसकी पत्नी शिक्षा जो मुझे व मेरे छोटे पुत्र पुष्पेन्द्र शर्मा के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं है, इसलिये मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहा हूं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे। **-राजेश कुमार शर्मा पुत्र स्व. भगीरथ लाल निवासी मोहल्ला सोतियान, बिजनौर**

## सूचना

L.I.C. No 254826059

प्रमाणित किया जाता है कि अनिल शर्मा उर्फ वासुदेव शर्मा पुत्र श्री भीमसेन शर्मा मेरे ही नाम हैं। मुझे दोनों नामों से पुकारा जाता है।
**-अनिल शर्मा उर्फ वासुदेव शर्मा पुत्र भीमसेन शर्मा निवासी गांव उच्चैति, पो.आ. पत्तेहपुर विश्नोई, जिला मुरादाबाद मो.नं. 9759711098**

DF धारा मोटर फाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं। कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

Hero
हीरो अब शानदार ऑफर के साथ

1 मई से 31 मई तक
CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Mavrick | 50000 |
| 2 | Premium Segment | 5000 |
| 3 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 2500 |
| 4 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

भली लगे या बुरी ...

## बच्चों के साथ होता अन्याय

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में 15 करोड़ से अधिक बच्चे खतरनाक उद्योगों में काम कर रहे हैं और इनमें सर्वाधिक संख्या भारतीय बच्चों की है। इन बच्चों में लड़कियों की स्थिति तो और भी भयावह और तकलीफदेह है। इनमें से कई ऐसी हैं, जिनका इस्तेमाल वेश्यावृत्ति, अश्लील फिल्मों के निर्माण और आतंकी हमलों के लिए किया जाता है। एक अनुमान के मुताबिक भारत की राजधानी दिल्ली में ही करीब पांच लाख बच्चे भिखारी, घरेलू नौकर और अनियमित श्रमिक इत्यादि के रूप में जीवनयापन कर रहे हैं। दिल्ली जैसे शहर में भिखारियों की संख्या एक लाख से अधिक है, जिनमें एक चौथाई संख्या बच्चों की है। जब देश की राजधानी में बच्चों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार तंत्र नाकाम है तो दूरदराज क्षेत्रों में बच्चों के साथ क्या होता होगा, सहज अंदाज लगाया जा सकता है। गलत कार्यों को अंजाम देने के लिए भी बच्चे अब आसान टारगेट बनने लगे हैं। हथियारों की तस्करी से लेकर मादक पदार्थों की सप्लाई तक में उनका धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे बच्चों में नशीले पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति भी बढ़ रही है। तमाम सर्वेक्षणों से पुष्ट हुआ है कि बच्चों में स्मोकिंग के प्रति आकर्षण बढ़ा है। इससे उनमें कई तरह की गंभीर बीमारियां भी पनप रही हैं। सरकार व समाज दोनों को इस स्थिति को गंभीरता से लेना चाहिए। यह चिंतनीय है कि समाज के जिम्मेदार कहे जाने वाले लोगों द्वारा बाल श्रम, बच्चों की तस्करी, उनके यौन शोषण जैसी तमाम सामाजिक बुराइयों को लेकर गंभीर चिंता तो जताई जा रही है लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। बच्चों की सुरक्षा को लेकर आयोजित होने वाली गोष्ठियां और सेमिनार मजाक बन कर रह गई हैं। जरूरत इस बात की है कि सरकार और स्वयंसेवी संस्थाएं, दोनों मिल कर बालश्रम, यौन शोषण और बच्चों की तस्करी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई से लेकर सकारात्मक आंदोलन तक चलाएं। अन्यथा कल के भारत की तस्वीर बेहद भयावह होगी। प्रमुख विद्वान थॉमस फूलर सच कहते हैं कि एक स्वस्थ दिमाग एक सौ हाथों से श्रेष्ठ होता है। समाज व राष्ट्र को चाहिए कि वह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को लेकर संजीदगी दिखाएं।

# कुर्सी की भूख

## आखिर समाज को किस दिशा में ले जा रही है ?

### एक चिंतन, एक सवाल, एक सामाजिक दर्पण

–चौ. दिगम्बर सिंह



सत्ता की भूख इंसान से क्या-क्या नहीं करवाती। कभी समाज को बांटती है, कभी युवाओं को भटकाती है और कभी इंसानियत को कुचल देती है। सवाल यह है कि आखिर यह कुर्सी की भूख समाज को कहां लेकर जाएगी? क्या हम विकास की ओर बढ़ रहे हैं या धीरे-धीरे अपने ही सामाजिक ढांचे को खोखला कर रहे हैं?

आज गांवों की राजनीति को देखिए, चुनाव जीतने के लिए कहीं शराब बांटी जाती है, कहीं जातीय समीकरण बैठाए जाते हैं, कहीं युवाओं को उकसाया जाता है और कहीं गरीबों का इस्तेमाल केवल वोट बैंक की तरह होता है। दुःखद बात यह नहीं कि यह सब हो रहा है, दुःखद यह है कि अब इसे सामान्य माना जाने लगा है। गांवों में कभी पंचायतें सामाजिक समाधान का केंद्र होती थीं। बड़े-बुजुर्ग बैठकर विवाद सुलझाते थे, संस्कारों की बातें होतीं थीं, गांव के विकास की चर्चा होती थी। लेकिन आज कई जगह पंचायतें विकास से अधिक राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन का मंच बनती जा रही हैं। चुनाव खत्म होते ही गांव कई गुटों में बंट जाता है। सबसे दुखद स्थिति तब होती है, जब कोई भला आदमी, कोई जागरूक व्यक्ति गांव के लिए आवाज उठाने की कोशिश करता है और गांव में शिक्षा, संस्कार, नशामुक्ति और विकास की बात करता है, तो उसे ही अपमानित करने का प्रयास होता है। कभी उसे गालियां दिलवाई जाती हैं, कभी उसे अकेला कर दिया जाता है। परिणाम यह कि अच्छे लोग गांव छोड़ने पर मजबूर हो रहे हैं। वे अपने बच्चों को ऐसे माहौल में नहीं रखना चाहते, जहां सम्मान की जगह शोर और संस्कार की जगह शक्ति प्रदर्शन रह गया हो।



इतिहास गवाह है कि जब-जब समाज ने चरित्र से ज्यादा भीड़ को महत्व दिया, तब-तब पतन हुआ है। इतिहास यह भी गवाह है कि जब-जब इंसान ने अपने नैतिक मूल्यों, सिद्धांतों और चरित्र से अधिक महत्व ताकत को दिया, ताकत के लिए पैसे को और पैसा कमाने के लिए कुर्सी को सर्वोपरि मान लिया, तब-तब केवल व्यक्ति ही नहीं, उसके परिवार और आने वाली पीढ़ियों तक का भी पतन हुआ है। सत्ता, धन और प्रभाव की अंधी दौड़ ने कई लोगों को कुछ समय के लिए बड़ा बना दिया, लेकिन इतिहास ने यह भी दिखाया कि ऐसे लोग स्थायी सम्मान नहीं कमा सके। समाज में ऐसे अनगिनत उदाहरण हैं जहां लोगों ने बेईमानी, शोषण और दूसरों का हक मारकर अपार संपत्ति खड़ी कर ली। धन की ऊंची इमारतें तो बना लीं, लेकिन अपने घरों में चरित्र की नींव नहीं रख पाए। उन्होंने बच्चों को महंगी गाड़ियां, आलीशान मकान और बैंक बैलेंस तो दिये, लेकिन एक अच्छा इंसान बनने की शिक्षा नहीं दी। परिणाम यह हुआ कि अगली पीढ़ी ने उसी संपत्ति को अय्याशी, नशे, जुए और गलत संगत में बर्बाद कर दिया।

क्योंकि पैसा विरासत में दिया जा सकता है, लेकिन संस्कार नहीं। ताकत दी जा सकती है, लेकिन चरित्र नहीं। जिस परिवार की नींव केवल पैसे पर खड़ी होती है, वह अक्सर पहली बड़ी आंधी में बिखर जाती है।

आज भी वही हो रहा है, जो युवक देश और समाज निर्माण की ताकत हो सकते थे, उन्हें कई जगह नशे, जातीय उन्माद और राजनीतिक भीड़ का हिस्सा बनाया जा रहा है। युवा सोचने की शक्ति खोकर किसी के हाथ का हथियार बन जाएं, इससे बड़ी त्रासदी और क्या हो सकती है?

यदि बड़ी राजनीति की बात करें तो तस्वीर और भी चिंताजनक दिखाई देती है। आज राजनीतिक लाभ के लिए जाति और धर्म के नाम पर ऐसे बयान दिए जाते हैं, जो समाज में दूरियां बढ़ाते हैं। यह कोई नई बीमारी नहीं है। जातिवाद का दर्द देश ने वर्षों तक झेला है। गरीब और कमजोर वर्गों ने अपमान सहा है। आज भी याद आता है कि समाज के कुछ हिस्सों में ऐसे दौर रहे जहां लोगों से सेवाएं तो ली जाती थीं, लेकिन उन्हें बराबरी का अधिकार नहीं दिया जाता था। सफाई का सबसे बड़ा दायित्व निभाने वाले समाज को सम्मान नहीं मिला, जिनके श्रम से व्यवस्था चलती रही, वही लोग अपमान झेलते रहे। लेकिन एक सवाल आज भी खड़ा है-क्या शोषण केवल जाति देखता है? क्या गरीबी की कोई जाति होती है? यदि किसी ऊंची जाति का व्यक्ति गरीब है, तो क्या उसका मजाक नहीं उड़ाया जाता? क्या उसका शोषण नहीं होता? सच्चाई यह है कि गरीब का दर्द अक्सर जाति नहीं, उसकी मजबूरी तय करती है। चिंताएं तब और बढ़ जाती हैं जब महिलाओं तक को राजनीतिक और सामाजिक नफ़रत का हिस्सा बना दिया जाता है। पूरी जातियों की मां-बहनों और बेटियों पर अपमानजनक टिप्पणियां करना, इतिहास के नाम पर सामाजिक जहर फैलाना—यह किस समाज की पहचान है? क्या हम आने वाली पीढ़ियों को यही विरासत देना चाहते हैं?

आज समाज को ऐसे युवाओं की जरूरत नहीं जो केवल भीड़ का हिस्सा बनकर नारे लगाना सीखें। समाज को ऐसे नौजवान चाहिए जो सोच सकें, सवाल कर सकें, प्रेम कर सकें और समाज को जोड़ सकें। युवाओं के भीतर नफ़रत नहीं, इंसानियत बोई जानी चाहिए। उनमें जाति, धर्म और राजनीतिक कटुता नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, सम्मान और सामाजिक जिम्मेदारी का भाव भरा जाना चाहिए।

महात्मा, संत और समाज सुधारक हमें जोड़ने आए थे। उन्होंने इंसान को इंसान समझने की सीख दी थी, लेकिन आज कुछ लोग कुर्सी के लिए समाज को तोड़ने में लगे हैं।

समाज का असली सामाजिक व्यक्ति वह नहीं जो मंच से सबसे ऊंची आवाज लगाए। सामाजिक व्यक्ति वह है जो समाज के दर्द पर चिंतन करे, जो समाज के टूटने पर बेचैन हो, जो युवाओं को बचाने की बात करे, जो नफ़रत नहीं समाधान दे।

मेरा नेताओं से अनुरोध है कि राजनीतिक लाभ के लिए समाज को नफ़रत की आग की ओर मत धकेलिए और समाज से भी विनती है कि हम किसी नेता के मोहरें न बनें। हमारे पूर्वजों ने जो गलतियां झेली होंगी, उनका बोझ आज के बच्चों पर मत डालिए। किसी इंसान का जन्म उसकी गलती नहीं होता। हम सब एक ही परमपिता परमात्मा की संतान हैं।

यदि हमें एक अच्छे समाज का निर्माण करना है तो हमें केवल मजबूत नेता नहीं, मजबूत चरित्र वाले युवा तैयार करने होंगे, क्योंकि समाज इमारतों से नहीं, इंसानों से बनता है और इंसान नफ़रत से नहीं, संस्कार और प्रेम से बनते हैं। अगर हम कुर्सी के भूखे लोगों के पीछे चलकर आपस में लड़ते रहे, तो आने वाली पीढ़ियां हमें माफ नहीं करेंगी। मैं नहीं जानता कि मेरी इन भावनाओं का कितना असर होगा, लेकिन मेरा मन नहीं मानता, इसलिए मैं सच्चाई कहता रहता हूं और सच्चाई सदा कहता रहूंगा, क्योंकि जब समाज सच सुनना छोड़ देता है, तब उसके पतन की शुरुआत हो जाती है।

# ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री के विरोध में बिजनौर में बंद रहा दवाइयों का कारोबार

## अधिकांश मेडिकल स्टोर रहे बंद, दवा बाजार में पसरा रहा सन्नाटा





**बिजनौर ( चिंगारी )।** ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री के विरोध में बुधवार को इंडियन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स (IOCD) के आह्वान पर बिजनौर जनपद में ऐतिहासिक बंद का व्यापक असर देखने को मिला। जिले में कुछ मेडिकल स्टोरों को छोड़कर अधिकांश मेडिकल स्टोर और थोक दवा व्यापार प्रतिष्ठान बंद रहे। बिजनौर शहर का दवा बाजार पूरी तरह ठप नजर आया, जिससे आम लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

हालांकि जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने इस बंद से दूरी बनाए रखी। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजकुमार गोयल, जिला महामंत्री अश्वनी शर्मा और नगराध्यक्ष संजीव चौधरी समेत अन्य पदाधिकारियों ने पूर्व में डीएम से मुलाकात कर बंद में शामिल न होने का ऐलान किया था। इसके बावजूद बंद पूरी तरह सफल रहा और नगर में इक्का-दुक्का मेडिकल स्टोर ही खुले दिखाई दिए।

### व्यापारियों ने जताई ऑनलाइन बिक्री पर चिंता

दवा व्यापारियों और मेडिकल स्टोर संचालकों ने एकजुट होकर बंद का समर्थन किया। व्यापारियों का कहना है कि ऑनलाइन दवाई बिक्री से छोटे व्यापारियों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। साथ ही बिना उचित निगरानी के दवाइयों की बिक्री से मरीजों की सुरक्षा पर भी खतरा बढ़ सकता है। बंद के कारण प्रमुख दवा बाजार नवयुग मार्केट में सामान्य दिनों की तुलना में बेहद कम चहल-पहल दिखाई दी।

### ये पदाधिकारी रहे मौजूद

बंद के दौरान जिला कैमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी सक्रिय रहे। इनमें जिला अध्यक्ष सुबोध कुमार, जिला चेयरमैन देवेश कुमार, जिला संगठन मंत्री हितेंद्र खरबंदा, जिला सचिव तारिक मसरूर, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद आसिफ, जिला मुख्य सचिव केके अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष सोनू भाई, जिला उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, जिला संरक्षक सुशील कुमार, जिला मुख्य संरक्षक एमपी सिंह और जिला मुख्य महासचिव सतीश गहलोत प्रमुख रूप से सक्रिय रहे।

### सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

प्रशासन की ओर से बंद के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रमुख चौराहों और बाजारों में पुलिस बल तैनात किया गया। पूरे शहर में बंद शांतिपूर्ण तरीके से जारी रहा। उधर, औषधि निरीक्षक के अनुरोध और मरीजों की असुविधा को देखते हुए बाद में शहर में कुछ मेडिकल स्टोर जनहित में खुलवा दिये गये।

### नहटौर में भी बंद रहे मेडिकल स्टोर

दवाओं की ऑनलाइन बिक्री के विरोध में नहटौर में भी अधिकतर मेडिकल स्टोर बंद रहे। मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील चौधरी ने बताया कि कोरोना काल के दौरान ऑनलाइन दवा सप्लाई के लिये जो छूट दी गई थी अब उसका गलत इस्तेमाल हो रहा है। वह छूट बंद की जाये। इस अवसर पर अभिनव जैन, खुर्शीद अहमद, अरविंद जोशी, राहुल चौधरी, ऋतिक चौधरी, जितेंद्र कुमार, विजयपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# बुखारा में ननद के यहां रह रही महिला की ट्रेन की चपेट में आकर मौत, कोहराम मचा

### बुखारा रेलवे लाइन पर हुआ हादसा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्थानीय मोहल्ला बुखारा रेलवे लाइन पर मंगलवार की देर रात लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार कविता देवी (45 वर्ष) पत्नी जितेंद्र निवासी ग्राम पूरनपुर गढ़ी थाना नजीबाबाद,पिछले कुछ दिनों से अपनी ननद के यहां मोहल्ला बुखारा में आई हुई थी। मंगलवार को किसी समय वह बुखारा रेलवे लाइन के पास पहुंच गई। इसी दौरान कविता वहां से गुजर रही लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान कराई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे से परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विचाराधीन बंदी की मौत की मजिस्ट्रियल जांच शुरू

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला कारागार बिजनौर में बंद विचाराधीन कैदी मोहम्मद हसन उर्फ शानू की उपचार के दौरान मेरठ मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई थी। इस मामले में जिला प्रशासन ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिये हैं। डिप्टी कलेक्टर प्रिंस कुमार ने बताया कि अमरोहा निवासी मोहम्मद हसन उर्फ शानू एनडीपीएस एक्ट के मामले में 22 अप्रैल 2026 को जिला कारागार बिजनौर में निरुद्ध किया गया था। 27 अप्रैल को बंदी ने बुखार और कमजोरी की शिकायत की, जिसके बाद उसे जेल चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर 30 अप्रैल को जिला अस्पताल बिजनौर रैफर किया गया। वहां से एक मई को उसे मेरठ मेडिकल कॉलेज भेजा गया था,जहां उपचार के दौरान 2 मई की रात को चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देशों और बीएनएसएस की धाराओं के तहत मामले की मजिस्ट्रियल जांच उप जिलाधिकारी (न्यायिक) बिजनौर द्वारा की जा रही है। प्रशासन ने कहा है कि मामले से संबंधित कोई भी व्यक्ति समाचार प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर कलेक्ट्रेट बिजनौर स्थित शिकायत प्रकोष्ठ में अपना बयान या साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है।




# विधायक ने कई सड़कों के निर्माण व चौड़ीकरण को प्रमुख सचिव को भेजा प्रस्ताव

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्रीय विधायक हाजी तसलीम अहमद द्वारा लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आने वाली नजीबाबाद विधानसभा की मुख्य सड़कों, पुलों, चौड़ीकरण, नव निर्माण के प्रस्ताव वित्तीय वर्ष-2026-27 में स्वीकृति के लिए प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश को भेज दिये गये है। जल्दी ही स्वीकृति मिलने की संभावना है। पिछले वित्तीय वर्ष में रूके हुए कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। यह कार्य इस वित्तीय वर्ष में स्वीकृत हो जाएंगे। चौड़ीकरण के लिए नजीबाबाद स्थाई बाईपास (कांवड़ यात्रा मार्ग) का 4 लेन में चौड़ीकरण, नजीबाबाद बुंदकी नगीना मार्ग का चौड़ीकरण, मंडावली मौअज्जमपुर मार्ग, चिड़ियापुर समीपुर नहर सेवा मार्ग, चंदक शाखा नहर पटरी अन्य जिला मार्ग, पूंडरी मार्ग, नांगल भागूवाला मार्ग का चौड़ीकरण तथा मरम्मत के लिए अभिपुरा सैदपुरी सम्पर्क मार्ग, नजीबाबाद जोगीरम्पुरी मार्ग, करौली से नारायणपुर रतन मार्ग, नजीबाबाद बुंदकी मार्ग शाहजापुर के तालाब तक, सफियाबाद होते हुए नारायणपुर रतन मार्ग, कल्हेड़ी से रम्मनवाला हर्सवाड़ा मार्ग, रफीपुर मोहन से श्यामीवाला मार्ग, ग्राम गजरौला से पाईमार मार्ग, मुस्तफापुर आंसू सम्पर्क मार्ग, कल्हेड़ी से धनसिनी मार्ग, अकबरपुर चौगांवा मार्ग, अकबरपुर चौगांवा से मौअज्जमपुर मार्ग शामिल है।

**जल्दी ही स्वीकृति मिलने की संभावना**

# स्संदिग्ध परिस्थितियों में महिला लापता, ससुराल वाले घर छोड़कर फरार

स्योहारा ( चिंगारी ) पत्नी पत्नी की लड़ाई के बाद पत्नी संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गयी । थाना क्षेत्र के गांव बेरखेड़ा में 35 वर्षीय पिंकी देवी पत्नी सुनील कुमार रविवार रात से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। महिला के मायके पक्ष ने पति व ससुराल वालों पर हत्या कर शव ठिकाने लगाने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बताया गया कि पिंकी देवी की तबीयत खराब होने की बात कहकर पति सुनील कुमार व ससुराल वालों ने उसे आईसीयू में भर्ती कराने की जानकारी दी थी, लेकिन किसी भी अस्पताल का नाम नहीं बताया। इस पर मायके पक्ष को शक हुआ। आज सुबह महिला के पिता ओमप्रकाश व अन्य स्वजन अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव अनवरपुर चंडिका से बेरखेड़ा पहुंचे तो आरोप है कि पति व ससुराल पक्ष के लोग घर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस महिला की तलाश में जुटी हुई है। वहीं पति व अन्य ससुराल पक्ष के लोगों की तलाश भी की जा रही है।

# पर्यावरण संरक्षण का सन्देश देने साइकिल से धामपुर पहुंची यमुना ढकाल का स्वागत किया

## पर्यावरणविदों की स्मृति में किये पौधारोपण

**धामपुर ( चिंगारी )।** पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के संबंध में चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' कार्यक्रम का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारत भ्रमण पर साइकिल से यात्रा कर रही नेपाल की 36 वर्षीय यमुना ढकाल का धामपुर में पहुंचने अभूतपूर्व स्वागत किया गया।

नगीना मार्ग स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ मंदिर कालिया वाला परिसर में हुए स्वागत के अंतर्गत यमुना ढकाल ने प्रख्यात पर्यावरणविद् स्वर्गीय सुंदरलाल बहुगुणा एवं उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय विमला देवी बहुगुणा के अलावा पीजेएम इंटर कॉलेज शेरकोट के सेवानिवृत प्रधानाचार्य स्वर्गीय रामकिशन वर्मा तथा उनकी धर्म पत्नी विमलेश देवी वर्मा एवं डॉक्टर सुनील कुमार वर्मा की स्मृति में मंदिर कालिया वाला परिसर में पांच पौधों का भी रोपण किया।


पर्यावरण प्रेमी यमुना का धामपुर में स्वागत करते हुए नागरिक।

पौधारोपण के दौरान वन विभाग डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह, वन दरोगा लखमीचंद, विपिन कुमार, मुकेश कुमार, नरेश कुमार सिंह सहित दिल्ली की पीस एजुकेटर अंजली वर्मा, सुबोध वर्मा, जिला पर्यावरण संयोजक पराग अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, दीपक कुमार, डॉ. अनुज कुमार वर्मा आदि उपस्थित रहे। नेपाल के झाबुला जिले की रहने वाली यमुना ढकाल ने बताया कि उन्होंने अपनी भारत भ्रमण संबंधी इस यात्रा का शुभारंभ 8 फरवरी 2026 को गौतम बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी से किया था और भारत भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत वह अब तक अयोध्या तथा दिल्ली सहित पंजाब, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश आदि में पर्यावरण संरक्षण का संदेश नागरिकों तक पहुंचा चुकी है। उन्होंने बताया कि भारत भ्रमण का कार्यक्रम पूरा हो जाने के बाद वह नेपाल में इसका समापन करेंगी और पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह विश्व यात्रा पर निकल जाएंगी।

## नवाचार महोत्सव हुआ

**धामपुर ( चिंगारी )।** प्राथमिक विद्यालय घोसियोवाला गांवड़ी में नवाचार महोत्सव का आयोजन किया गया। नवाचार उत्सव का शुभारंभ विकास खण्ड-अल्हैपुर में खण्ड शिक्षा अधिकारी एम.एल. त्रिवेदी के द्वारा हुआ। कार्यक्रम में विकास खण्ड अल्हैपुर के एआरपी अक्षय कौशिक (गणित), ललितवीर सिंह (विज्ञान) एवम् सत्यप्रकाश (एसएसटी) की गरिमामयी उपस्थिति में कुल 8 नवाचारों का प्रदर्शन किया गया।

## चिकित्सा के क्षेत्र में 45 वर्ष पूरे होने पर डॉ. कमाल अहमद को सम्मानित किया


डॉक्टर कमाल अहमद को सम्मानित करते हुए नागरिक।

**धामपुर ( चिंगारी )।** मोहल्ला बंदूकचियान स्थित मदरसा इस्लामिया अरबिया जूनियर हाई स्कूल के प्रांगण में नगर के जाने-माने बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कमाल अहमद को चिकित्सा क्षेत्र में कार्य करते हुये 45 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में अंजुमन उर्दू हिंदी मेडिकल प्रोफेशनल ऑफ इंडिया और बज़्म ए कमर धामपुर के संयुक्त तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जश्ने मुशायरा की महफिल भी सजाई गई। मुशायरा में शफक्कत भारती शेरकोटी, अशरफ शेरकोटी, बसरत शेरकोटी, सिराजुद्दीन पानीपत, आरिफ रसूलपुरी, कारी राशिद हमीदी, कारी नौशाद धामपुरी, वली अंजुम अफजलगढ़ी, एजाज धामपुरी, नसीम धामपुरी ने अपने-अपने कलाम पेश कर वाहवाही अर्जित की। इस मौके पर पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा, मंडल प्रभारी जावेद रहमान शम्सी नगर अध्यक्ष एसपी सलूजा सलमान फरीदी हैदर अली आरती आदि ने स्मृति चिन्ह देकर डॉक्टर कमल अहमद को सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉक्टर कमाल अहमद ने कहा कि उन्होंने अपने प्रोफेशन में मरीज की सेवा को सर्वोपरि रखते हुए दिन-रात उनकी सेवा की है। अल्लाह ताला का मैं शुक्रगुजार हूं कि उन्ही की बदौलत यह शोहरत हासिल कर सका हूं। मुशायरा का संचालन इरशाद धामपुरी ने किया।

## कई खामियां नज़र आईं डीएम ने फटकार लगाई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** बढ़ती गर्मी के बीच पेयजल समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने जल संस्थान कार्यालय पहुंचकर कनिष्ठ अभियंता के कार्यालय में न मिलने पर वीडियो कॉल की तो घर पर आराम फरमा रहे थे। डीएम ने प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिये। गर्मी का मौसम शुरू होते ही पूरे जनपद में पेयजल संकट ग्रहण लगा है। लगातार शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने जल संस्थान कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तमाम खामियां सामने आईं। डीएम ने कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए कर्मचारियों को कड़ी फटकार और चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जेई से वीडियो कॉल के माध्यम से संपर्क किया तो ड्यूटी के समय घर पर मौजूद थे। जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए जेई के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## शेडयूल के अनुसार की जाये बिजली की कटौती

**धामपुर ( चिंगारी )।** बिजली विभाग द्वारा बार-बार लाइट की ट्रिपलिंग होने पर विजय कुमार जैन ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि भीषण गर्मी में जहां जनता परेशान है वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग द्वारा रात में ट्रिपलिंग एवं दिन में सप्लाई फेल होना कहकर बिजली की कटौती हो रही है। विजय जैन ने उपखंड अधिकारी धामपुर से शेड्यूल के हिसाब से बिजली कटौती किए जाने एवं बार-बार ट्रिपलिंग पर अंकुश लगाया जाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में वीरेंद्र कारीगर, पुष्पेंद्र, संयम जैन, विकास आदि मौजूद रहे।

## बीडीसी की बैठक में विकास संबंधी मुद्दे उठाये

### सीडीओ ने अधिकारियों को दिये कार्रवाई के निर्देश

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** विकासखंड द्वारीखाल सभागार में ज्येष्ठ उप प्रमुख नीलम नैथानी की अध्यक्षता में बीडीसी की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं विकास कार्यों से संबंधित विषय अधिकारियों के समक्ष रखे। इस दौरान पेयजल, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई, वन विभाग, विद्युत एवं पंचायत भवनों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गयी।

मुख्य विकास अधिकारी अशोक जोशी ने जनप्रतिनिधियों द्वारा उठायी गयी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्याओं के समाधान के बाद उसकी प्रगति एवं निस्तारण की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे। ज्येष्ठ उप प्रमुख नीलम नैथानी ने अधिकारियों से अपेक्षा की कि बीडीसी बैठकों में जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए विषयों पर समयबद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय के माध्यम से विकास कार्यों को गति देने पर भी बल दिया। बैठक में कनिष्ठ उप प्रमुख कौशल्या देवी, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र राणा एवं अर्जुन सिंह, पीडी डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, उपजिलाधिकारी लैंसडाउन शालिनी मौर्य, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विशाल शर्मा, अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग नंदिता अग्रवाल और जिला समाज कल्याण अधिकारी रोहित दुबड़िया सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## अग्नि सुरक्षा सम्बंधी जानकारी दी

**धामपुर ( चिंगारी )।** भारत स्वरुप अकादमी में आपातकालीन परिस्थितियों के प्रति जागरूक एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से विशेष अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में फायर स्टेशन धामपुर से अग्निशमन विशेषज्ञ सत्यवीर सिंह (लीडिंग फायर मैन) एवं राजू कुमार (फायर मैन) ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को अग्नि सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आग लगने की स्थिति में सतर्कता, बचाव एवं प्राथमिक सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान विशेषज्ञों ने आग लगने के प्रमुख कारणों, उससे बचाव के उपायों, अग्निशामक यंत्रों के सही उपयोग तथा आपातकालीन निकासी प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। विद्यालय प्रधानाध्यापिका श्रीमती उपासना यादव ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा आपदा प्रबंधन कौशल विकसित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## भाकियू-भानु की बैठक में किसानों की समस्याओं पर विचार



**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर के मौहल्ला शेखान में आयोजित भारतीय किसान यूनियन (भानू) की बैठक में किसानों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाकर उनका निस्तारण कराने और संगठन को मजबूत बनाने के लिए विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शायान शमसी ने कहा कि भाकियू (भानु) किसानों की समस्यायों को प्रभावी ढंग से उठाकर उनका समाधान कराने और किसानों को शासन स्तर से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए भरसक प्रयास कर रही है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्य करने और अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोडकर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष शायान शमसी ने मौहल्ला शेखान निवासी मौ. साहिल को संगठन का जिला संगठन मंत्री और मौ रागिब को नगर उपाध्यक्ष मनोनीत किया। बैठक में जिला सचिव गुफरान राजा, मौ. अयान, शेख उस्मान, शेख मोनिश, कैफ चौधरी, यावर सईद, मौ सुफियान, मौ समीर, अजीम मिर्जा, सुहैल इदरीसी आदि ने भाग लिया।

# फ़र्ज़ी कागजों के आधार पर अपात्रों को पीएम आवास योजना का लाभ मिला

## तीन लाभार्थियों को अपात्र घोषित करने पर भी कार्रवाई नहीं की गई

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, महिला आयोग की सदस्य श्रीमती संगीता जैन, जिलाधिकारी बिजनौर, एडीएम बिजनौर, परियोजना अधिकारी शहरी विकास भवन बिजनौर को 2020 से शिकायत की गई कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभार्थियों का गलत चयन किया गया है।

शिकायत में कहा गया कि उनकी न अपनी भूमि है और वह किरायेदार हैं, फिर भी जांच कर्ताओं ने लाभार्थियों का सत्यापन बिना किसी आवश्यक नक्शे और कागजात के उनको सत्यापित कर दिया, जिसके कारण लाभार्थी राजेन्द्र वर्मा और प्रियंका वर्मा को पात्र बना दिया, जिसकी शिकायत श्रीमती ऊषा शर्मा पत्नी शिवकुमार शर्मा निवासी मौहल्ला खत्रियान बी-12 ने की। जिसमें कहा गया कि इनका अपना मकान नहीं है ये किरायेदारी के मकान में रहते हैं, जिसमें कुछ हिस्से में राजेन्द्र वर्मा व कुछ हिस्से में प्रियंका वर्मा रहते हैं। दूसरी ओर पिंकी खन्ना पत्नी कुलदीप खन्ना को एक सादे कागज पर लिखी वसीयत के आधार पर लाभार्थी बनाकर ढाई लाख रुपए गलत तरीके से दिए गए, जबकि इनके पास दो मकान स्वयं का, चार पहिया वाहन, मोटर साइकिल, स्कूटी होने पर भी गरीब दिखाकर लाभार्थी बनाया गया। श्रीमती शर्मा का कहना है कि इन तीनों की कई बार जांच की गई। पांच वर्षों की कड़ी मेहनत, तहसील, नगर पालिका परिषद की जांच के उपरांत तीनों को अपात्र घोषित किया गया।

परियोजना अधिकारी द्वारा 6-2-2025 के द्वारा इन तीनों लाभार्थियों को एक नोटिस जारी कर डूडा के खाता में ढाई लाख प्रत्येक लाभार्थी से जमा करने को कहा गया है। अब डूडा कार्यालय की मिलीभगत से एक पत्र परियोजना अधिकारी डूडा शहरी के नाम से जारी किया गया है, जिसमें नगर पालिका परिषद बिजनौर और तहसील बिजनौर की जांच में विरोधाभास बताते हुए कूट रचित कागजातों के द्वारा लाभ लिया गया है। उनसे पैसा वसूल कर अधिकृत खातों में जमा कराया जाए। श्रीमती ऊषा शर्मा का कहना है डूडा कार्यालय की मिलीभगत का परिणाम है कि 5 साल में अभी तक सरकार का धन कूट रचित कागजात पर लेने वाले अमीर लोगों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है।

# आरवीआईटी के 9 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट में चयन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान आर.वी. इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, बिजनौर के छात्रों ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता और प्रतिभा का लोहा मनवाया है। काशीपुर (उत्तराखंड) स्थित जानी-मानी फार्मास्युटिकल कंपनी एग्रोन रेमेडीज प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय में आयोजित रिक्रूटमेंट ड्राइव (कैंपस प्लेसमेंट) में संस्थान के बी. फार्म पाठ्यक्रम के 9 छात्रों खुशी, रोशनी, मयंक ठाकुर, अनुराग जायसवाल, अंकिता मिश्रा, लक्ष्मी, बृजभान यादव, सत्यम व आशीष रंजन का प्रतिष्ठित पदों पर चयन हुआ है। कंपनी के एचआर प्रबंधक सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि चयनित सभी 9 छात्र आज कंपनी में अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे। कंपनी प्रबंधन ने संस्थान के कुशल समन्वय और बेहतर शैक्षणिक माहौल की सराहना की है। छात्रों की इस शानदार सफलता पर आर.वी. इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रबंध निदेशक सन्नी देशवाल और निदेशक डॉ. हितेश कुमार ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रबंध निदेशक सन्नी देशवाल ने कहा कि संस्थान हमेशा से ही युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी व फार्मा शिक्षा देने के साथ-साथ देश की बड़ी कंपनियों में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। निदेशक डॉ. हितेश कुमार ने छात्रों और कॉलेज के प्लेसमेंट सेल की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता हमारे शिक्षकों के मार्गदर्शन और छात्रों की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

# नशा समाज की सबसे बड़ी बुराई-सुरेंद्र सिंह



नशा मुक्ति कार्यक्रम को संबोधित करते सुरेंद्र सिंह

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम के प्रति जागरूक करने हेतु कंपोजिट स्कूल आसफाबाद चमन में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। संदीप कुमार की अध्यक्षता व नोडल शिक्षक सुरेंद्र सिंह के संचालन में हुए इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक अनिल कुमार ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। उन्होंने नशे से दूर रहने का विद्यार्थियों से आह्वान किया। नोडल शिक्षक सुरेंद्र सिंह ने संबोधन में नशे के विभिन्न रूपों एवं उससे होने वाली शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक नुकसान पर विस्तार से चर्चा कर इससे दूर रहने की विद्यार्थियों को नसीहत की।

# दो जेठ पड़ रहे इस बार गर्मी से मचेगा हाहाकार

**नांगल सोती। इस बार दो जेठ ( ज्येष्ठ ) पड़ रहे हैं। जेठ का महीना प्रचंड गर्मी का महीना कहा जाता है। दो जेठ पड़ने के कारण माना जा रहा है कि इस बार गर्मी सामान्य से कहीं अधिक पड़ेगी तथा लोगों का जीना दुश्वार करेगी।**

जेठ यानी ज्येष्ठ के महीने में सर्वाधिक गर्मी पड़ती है। इस महीने में सूरज आसमान से सीधे आग बरसाता हुआ महसूस होता है। इस महीने में ही नौतपा आता है, जब सूर्य की किरणें पृथ्वी पर सीधी पड़ती हैं तथा लोगों को सर्वाधिक तपिश का सामना करना पड़ता है। इस दौरान सिर्फ भयंकर गर्मी ही नहीं पड़ती, बल्कि हवा में नमी, उमस भी बढ़ जाती है। इससे शरीर का पसीना सूखता नहीं है तथा गर्मी असहनीय लगने लगती है। इस साल गर्मी बहुत ज्यादा बेहाल करेगी, क्योंकि इस बार दो जेठ पड़ रहे है।

एक जेठ का महीना वर्तमान में चल रहा है, जो 2 मई से शुरू हुआ है तथा 31 मई को समाप्त होगा, जबकि जेठ का दूसरा महीना एक जून से शुरू होगा। दूसरा जेठ 29 जून को खत्म होगा। हालांकि लीप ईयर 2028 में है। उल्लेखनीय है कि लीप ईयर (अधिवर्ष) में 365 के बजाये 366 दिन होते हैं, क्योंकि उस वर्ष फरवरी का महीना 28 के बजाये 29 दिन का होता है। सामान्यत: जिस हिन्दी वर्ष में 29 दिन का फरवरी माह पड़ता था, उसी हिंदी वर्ष में दो महीने होते थे।

# भाजपा की रीति-नीति के अनुसार काम करें भाजपा कार्यकर्ता : लक्ष्मीकांत वाजपेयी

## प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को दिये चुनाव प्रबंधन के टिप्स




**धामपुर ( चिंगारी )। नगर के राजपूताना रिसोर्ट में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अन्तर्गत आयोजित प्रशिक्षण शिविर में उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कार्यकर्ताओं को भाजपा की रीति-नीति पर चलने का आह्वान किया।**

इस अवसर पर श्री वाजपेयी ने कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रबंधन के टिप्स भी दिये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को पार्टी को आगे बढ़ाने के लिये काम करना चाहिये। भाजपा राष्ट्रवादी पार्टी है। पीएम नरेन्द्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ देश व प्रदेश को विकास की नई ऊंचाईयों पर ले जाने के लिये काम कर रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बॉबी, जिला प्रभारी हरिओम शर्मा, पूर्व परिवहन मंत्री अशोक कटारिया, क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर, क्षेत्रीय मंत्री हरजिन्दर कौर, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, पूर्व सांसद डा. यशवंत सिंह, राष्ट्रीय परिषद सदस्य महेन्द्र धनौरिया आदि ने भी विचार व्यक्त किये। संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल एवं मीडिया प्रभारी सौरभ विश्नोई ने किया।

# गुलदार को देख कुत्ते ने दौड़ लगाई

**चांदपुर ( चिंगारी )।** जान सबको प्यारी होती है, खेत में गुलदार बैठा देख वहां मौजूद कुत्ते ने दौड़ लगा दी। वहां मौजूद किसी ग्रामीण ने इसकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। उधर, घटना से ग्रामीणों विशेषकर किसानों में भय बना हुआ है। क्षेत्र के ग्राम जलीलपुर के जंगल में एक गुलदार पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। गुलदार को बैठा देख वहां मौजूद कुत्ते ने अपनी जान बचाने के लिए दौड़ लगा दी। किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दी। उधर, ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाये जाने की मांग की है। मालूम हो कि पिछले सप्ताह क्षेत्र के ग्राम तालमपुर में दो तथा ग्राम इस्माईलपुर स्थित डायट से एक गुलदार पिंजरे में कैद हो चुका है।

# बाइक सवार ने ली बेजुबान 'बटर' की जान

**नगीना ( चिंगारी )।** सड़क पर तेज रफ्तार बेकाबू होकर बाइक दौड़ाने का खामियाजा एक पालतू कुत्ते को अपनी जान की कीमत देकर चुकाना पड़ा। दरअसल एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने सड़क किनारे खड़े एक पालतू कुत्ते को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि कुत्ते ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। अपने लाड़ले पालतू कुत्ते की यकायक मौत देखकर परिवार गम में डूब गया। बाइक सवार घटना करने के बाद मौके से रफू-चक्कर हो गया।

नगर के हिंदू इंटर कॉलेज के सामने वैष्णव विहार कॉलोनी में रहने वाले मोहित गोयल व उनकी पत्नी श्वेता गोयल ने पिछले करीब छह वर्षों से घर में एक कुत्ता पाल रखा था। बटर नाम से पहचान बनाने वाला कुत्ता अपने शांत स्वभाव व खूबसूरत कद काठी व सफ़ेद मनमोहक बालों के चलते पूरे मोहल्ले में सबका चहेता बना हुआ था। मंगलवार की सुबह 'बटर' के साथ ऐसी घटना घटी कि पूरा परिवार गम में डूब गया। दरअसल, मोहित गोयल को अपनी कार द्वारा कहीं बाहर जाना था। उनकी पत्नी उन्हें बाहर कार तक छोड़ने पहुंची तभी 'बटर' भी उनके साथ-साथ बाहर आ गया, तभी एक युवक अपनी बाइक को बेकाबू तरीके से दौड़ाता हुआ उनके करीब पहुंच गया। इस घटना में मोहित गोयल व उनकी पत्नी तो बाल- बाल बच गई, लेकिन बाइक कुत्ते के ऊपर चढ़ गई। इस घटना के बाद 'बटर' अधमरा हो गया तथा भागते हुए घर के दरवाज़े पर उसने प्राण त्याग दिए। घटना करने के बाद तेज बाइक सवार मौके से फरार हो गया। घर के लाड़ले बने पालतू कुत्ते बटर की अचानक दुर्घटना में मौत के बाद परिवार में दुःख का माहौल हो गया। इसके बाद पूरे सम्मान के साथ धामपुर मार्ग स्थित रामलीला बाग मैदान पर कुत्ते के शव को दफनाया गया। इस मौके पर परिवार के सभी सदस्यों के अलावा पशु प्रेमी व महिला चिकित्सक डॉक्टर मंजू चौहान भी मौजूद रहीं।



पालतू कुत्ते बटर की मौत के बाद गमजदा खड़ा परिवार।

## पुलिस को बड़ी घटना का इंतजार ?

बताते चलें कि हिंदू इंटर कॉलेज के सामने स्थित वैष्णव विहार कॉलोनी नगर की सबसे पाश कॉलोनी में गिनी जाती है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा हिंदू इंटर कॉलेज का चौड़ीकरण कराया गया तो यह लफंगों और रईसजादों के लिए बाइक से गुंडागर्दी करने का एक सुरक्षित मार्ग बन गया। इस मार्ग पर सुबह सवेरे छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग तक घूमने जाते हैं, लेकिन इस मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए स्टंट करना भी युवाओं का नया आकर्षण बन गया। साइलेंसर बदलवाकर पटाखे बजाते हुए गुंडागर्दी करना बुलेट चालकों का अब रोज का काम हो गया है। इन सब चीजों को जानते हुए भी नगीना पुलिस मूक दर्शक बनी हुई है। लगता है पुलिस प्रशासन भी इन लफंगों की गुंडागर्दी के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है।

## बच्चे भी रोते-बिलखते रहे

मनुष्य से तो आमतौर पर लोगों को प्यार करते हुए आपने देखा होगा, लेकिन पशु से भी इतना ही प्रेम आमतौर पर कम देखने को मिलता होगा, जितना मोहित गोयल के परिवार के यहां देखने को मिला है। पालतू कुत्ते बटर की अचानक मौत के बाद बड़ों की बात तो छोड़िए स्कूल में पढ़ने वाले छोटे बच्चे भी रोते बिलखते देखे गए। घर के चार छोटे बच्चों को छुट्टी से पहले ही घर बुलाया गया तथा सभी स्कूली ड्रेस में कुत्ते के अंतिम विदाई कार्यक्रम में रोते बिलखते हुए शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में तेज रफ्तार बाइक चलाने वाले युवकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# डीएम से लगाई अवैध रूप से कब्जाई गई जमीन का कब्जा दिलाने की गुहार

नजीबाबाद ( चिंगारी )। एक बुजुर्ग व्यक्ति ने उसकी जमीन पर अवैध कब्जे के मामले में डीएम को पत्र भेजकर एवं समाधान दिवस में शिकायत दर्ज न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। किरतपुर के मौहल्ला पिल्लाखा टावर व रहमत मस्जिद के पास रहने वाले डॉ. नसीम अहमद ने शिकायती पत्र में कहा है कि उनकी एक जमीन नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम इब्राहीमपुर राजू मौहल्ला जाब्तागंज में स्थित है। इस जमीन पर धारा-41 व धारा-28 के आदेशों पर अमलदरामद न करके नक्शे में संशोधन न कर कृषक लक्ष्मण निवासी जाब्तागंज नजीबाबाद द्वारा लम्बे समय से अवैध कब्जा करने, गाटा 9 पर खड़े यूकेलिप्टिस के पेड़ों को पूरब दिशा कर अवैध कटान करने व आरटीआई के द्वारा चाही गई जानकारी से 100 एयर पर कृषक का कब्जा स्वीकार कराने के संबंध न्यायोचित कार्रवाई कराने की मांग की है। आगे कहा गया है कि उपरोक्त धाराओं में पारित आदेशों का पालन आज तक लम्बित होने से व तहसील के नक्शे से संशोधन न होने से पीड़ित वर्ग गत 46 वर्षों से अपनी जमीन पर बाउंड्री वाल न होने के कारण कोई भी उद्योग व्यापार करने से वंचित है। उक्त सम्पत्ति पर कांच की फैक्ट्री लगाई गई थी जिसका ढांचा वर्तमान में मौजूद है, उसके पुत्र आज भी मजदूरी करके रोजी रोटी कमा रहे हैं। पीड़ित किसान ने शिकायत के साथ प्रशासन के 17 आदेश व निर्देश के कागज लगाते हुए उसके आवेदन पर सहानुभूति संज्ञान लेकर न्यायहित में उसकी 100 एयर भूमि पर कब्जा दिलाने की गुहार लगाई है।

# राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ की नजीबाबाद शाखा तत्काल प्रभाव से भंग

नजीबाबाद ( चिंगारी )। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष अनूप कुमार सिसोदिया ने प्रेस को लिखित जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ की नगर पालिका परिषद नजीबाबाद की नगर शाखा तत्काल प्रभाव से भंग कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जिला कार्यकारिणी की बैठक में विचार-विमर्श के बाद शाखा बिजनौर द्वारा संगठन के हित एवं अनुशासन को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। जिला शाखा ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय संगठनात्मक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने तथा राष्ट्रीय सफाई मजदूर महासंघ की नीतियों एवं उद्देश्यों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने के लिये लिया गया है। नजीबाबाद शाखा के समस्त पदाधिकारियों के अधिकार एवं दायित्व तत्काल प्रभाव से समाप्त माने जायेगे। जिला शाखा ने नगर शाखा को संबंधित सभी अभिलेख, दस्तावेज एवं संगठनात्मक सामग्री नियमानुसार जिला इकाई को सौंपने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ सदैव कर्मचारियों के अधिकारों, सम्मान एवं हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहा है तथा भविष्य में संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाते रहेंगे।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER

ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह

एथर का शोरूम

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# तालियों की गड़गड़ाहट के बीच सम्मानित हुये मेधावी छात्र



**बिजनौर ( चिंगारी )। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल, बिजनौर में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास ने सीबीएसई कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत तथा उससे अधिक अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन करने वाले 65 मेधावी छात्र-छात्राओं को पूरी स्कूल असेंबली में समस्त विद्यालय के सम्मुख सम्मानित किया।**

समारोह के दौरान डॉ. सीमा विश्वास ने सभी होनहार विद्यार्थियों को माला पहनाकर और चॉकलेट भेंट कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। सम्मान पाकर छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे। डायरेक्टर प्रिंसिपल डा. सीमा विश्वास ने छात्रों को संबोधित करते हुये कहा 'आज इन बच्चों की सफलता को सबके सामने सराहने का मकसद यही है कि बाकी विद्यार्थी भी इससे प्रेरणा लें। हम चाहते हैं कि हर छात्र के अंदर यह विश्वास जगे कि वे भी कड़ी मेहनत और सही दिशा के साथ अपने भविष्य को इससे भी अधिक बेहतर और उज्ज्वल बना सकते हैं।' सीनियर छात्रों को इस तरह मंच पर सम्मानित होते देख स्कूल के अन्य कक्षाओं के विद्यार्थियों में भारी उत्साह देखने को मिला। इस आयोजन ने छात्रों के भीतर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और अपने करियर व भविष्य के प्रति गंभीर होने की एक नई ऊर्जा का संचार किया है। संपूर्ण विद्यालय परिवार ने करतल ध्वनि (तालियों) से मेधावियों का हौसला बढ़ाया।



# सीएमओ से मिले फार्मासिस्ट

**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और फार्मासिस्टों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने जिले के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर व्याप्त समस्याओं को विस्तारपूर्वक उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य रूप से ड्रगवेयर हाउस से सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक समय से दवाइयों की आपूर्ति सुनिश्चित कराने का मुद्दा उठाया। इसके अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शेरकोट में वार्ड बॉय की तैनाती, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिसोना में बिजली कनेक्शन एवं इनवर्टर-बैटरी उपलब्ध कराने, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नांगल जट में सफाई कर्मचारी की नियुक्ति करने तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरेनी में बकाया बिलों का भुगतान कर बिजली कनेक्शन पुन: जुड़वाने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर जल्द निराकरण कराया जाएगा, ताकि स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात कर्मचारियों एवं उपचार के लिए आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष राजेश कुमार रवि, जिला मंत्री संजय कुकरेती, संगठन मंत्री सुधीर कुमार, संयुक्त मंत्री नृपेंद्र सिंह, अनुराग कुमार, अजय राय मल्होत्रा, सी.पी. सैमवाल एवं शुजाउद्दीन अंसारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों की मदद करें

**नूरपुर ( चिंगारी )।** संविलियन विद्यालय बलदाना शफीपुर के प्रधानाध्यापक नेमीशरण शालूजा ने जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों का सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में हमारे शिक्षक घर घर जाकर जनगणना के कार्य कर रहे हैं। सभी नागरिक उनके साथ सयंम से पेश आएं तथा अपना नाम-पता मकान व परिवार की सही जानकारी उपलब्ध कराए। यदि आप बाहर रहते हैं तो अपने किसी विश्वशनीय सदस्य को जानकारी देने के लिए भेजें। जनगणना कर्मियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इस दौरान जनगणना कर्मियों को पानी आदि की व्यवस्था भी उपलब्ध कराएं।



नेमीशरण शालूजा

# ओमवती को श्रद्धांजलि अर्पित की



ओमवती को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** मंगलवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जिलाउपाध्यक्ष सरदार गुरमुख सिंह दीवान के आवास पर शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में पूर्व मंत्री व सांसद ओमवती देवी की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सरदार गुरमुख सिंह दीवान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में ओमवती जी का बड़ा योगदान रहा है। उनके निधन से पार्टी में जो स्थान खाली हुआ है, उसको कभी भरा नहीं जा सकता है। उनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। इस अवसर पर सरदार गुरमुख सिंह दीवान, नगर अध्यक्ष निजामुद्दीन, जिला सचिव मोहसिन, जिला महासचिव कांग्रेस सेवा दल डॉ. मौहम्मद अशरफ सिद्दीकी, नगर उपाध्यक्ष सुलेमान, मंसूर अहमद, अमरेन्द्र सिंह, फिरासत अंसारी आदि उपस्थित रहे।

# कार्यकत्रियों ने डीपीओ से लगाई गुहार

## बकाया एरियर दिला दो सरकार

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** गत वर्ष नियुक्त हुई क्षेत्र की अनेक कार्यकत्रियों को अभी तक भी एरियर का पूरा भुगतान नहीं हो पाया है, जिसे लेकर कार्यकत्रियों ने जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल चौबे से ईद से पूर्व पूर्ण एरियर भुगतान की मांग की है। मार्च 2025 में नियुक्त हुई आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बैंक की तकनीकी त्रुटि के कारण लगभग 10-11 महीने तक मानदेय का भुगतान नहीं हो पाया था। आखिरकार खाते सुचारू हुए मगर अभी तक भी क्षेत्र की दर्जन भर से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के एरियर का पूर्ण भुगतान नहीं हो पाया है, जिसके कारण कार्यकत्रियां मायूस हैं और उन्हें आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में डीपीओ विमल चौबे ने कुछ कार्यकत्रियों की इस समस्या को स्वीकारते हुए इसके शीघ्र समाधान की बात कही है।

# NCRT की किताबें लगाने की मांग



**चांदपुर ( चिंगारी )।** विभिन्न संगठनों ने राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी चांदपुर को 10 सूत्रीय ज्ञापन देकर देश के सभी स्कूलों में कक्षा 1 से 12 तक एनसीआरटी की किताबें लगाये जाने, बिना मान्यता वाले स्थानों को बंद कराये जाने की मांग की। मांग-पत्र में सीबीएसई, आईसीएसई, मदरसा बोर्ड तथा ओपन बोर्ड में एक ही सिलेबस की व्यवस्था करने, रि एडमिशन फीस पर रोक लगाये जाने, आरटीई के एडमिशन में गरीब बच्चों का नि:शुल्क एडमिशन की व्यवस्था किए जाने आदि मांगें शामिल हैं। ज्ञापन देने वालों में समाजवादी आन्दोलन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अकबर अली, वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास तायल, एससी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मवीर सिंह दिवाकर, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. वसीम सिद्दीकी, प्रदेश कोषाध्यक्ष मौ. रफी मकरानी, ठा. प्रमोद कुमार चौहान, मुस्तफा इदरीसी, नवाबुद्दीन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, सुनील कुमार चौधरी, तंजीम अहमद अंसारी आदि शामिल थे।

# स्कूल में 'फर्स्ट-एवर समर कैंप' का शुभारंभ




**किरतपुर ( चिंगारी )।** विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, शारीरिक फिटनेस और खेल कौशल को निखारने के लिए सेंट पीटर स्कूल, किरतपुर द्वारा शानदार 'फर्स्ट-एवर समर कैंप' का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन 18 मई को विद्यालय प्रबंधक रेवरेंड फादर बीजू, प्रिंसिपल रेवरेंड सिस्टर निकिता, सिस्टर्स और बाहर से आए सभी अनुभवी कोचों द्वारा आकाश में रंग-बिरंगे बैलून (गुब्बारे) छोड़कर उत्साही माहौल में किया गया। आगामी 30 मई तक चलने वाले इस शिविर का मुख्य आकर्षण यहां होने वाले विविध खेल और गतिविधियां हैं, जिनमें छात्र बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन और क्रिकेट जैसे लोकप्रिय खेलों में अनुभवी प्रशिक्षकों की देखरेख में अपना दम-खम दिखा रहे हैं। साथ ही खुद को मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रखने के लिए विशेष योग और जुम्बा सेशंस का आनंद भी ले रहे हैं। इसके अलावा, छोटे बच्चों के उत्साह को दोगुना करने के लिए कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों हेतु एक सुरक्षित और फेंसिंग वाले विशेष एरिया में 'स्केटिंग' सत्र का इंतजाम किया गया है।

# मौसम चौधरी ने पेश की मानवता की मिसाल

## गर्म राख में झुलसे बच्चों के परिवारों की खुले दिल से मदद की

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मिल की गर्म राख से झुलसे बच्चों की मदद के लिए भाजपा नेता मौसम चौधरी धर्म व जाति की संकीर्णता से ऊपर उठकर पूरी संवेदनशीलता के साथ आगे आये हैं। उन्होंने गैर सम्प्रदाय के बच्चों के परिवारों की भी निरपेक्ष भाव से मदद की। मौसम चौधरी ने घटना वाले दिन ही सबसे पहले जिला अस्पताल पहुंचकर बच्चों का हालचाल जाना था और दो पीड़ित परिवारों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की थी। अब उन्होंने एक अन्य पीड़ित परिवार की भी आर्थिक सहायता कर मानवता की मिसाल पेश की है। जबकि जिले का कोई और नेता व तथाकथित समाजसेवी इस मामले में सामने नहीं आया।



गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व झालू रोड के किनारे पड़ी गर्म राख की चपेट में आने से कई बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए थे। हादसे के बाद भाजपा नेता मौसम चौधरी जिला अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने डॉक्टरों से बच्चों का बेहतर इलाज सुनिश्चित करने की बात कही थी। इस दौरान उन्होंने दो पीड़ित परिवारों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी की थी तथा शेष पीड़ितों को भी सहायता का आश्वासन दिया था।

इसी क्रम में मंगलवार को गर्म राख से झुलसे एक और बच्चे ईशान के परिजन मौसम चौधरी के आवास पर पहुंचे। मौसम चौधरी ने अपना वादा निभाते हुए बच्चे की माता को 50 हजार रुपये नकद सहायता राशि प्रदान की। ईशान की माता ने सहायता मिलने पर उनका धन्यवाद किया। मौसम चौधरी ने भविष्य में भी हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया और कहा कि गर्म राख से झुलसे बाकी बच्चों के परिवारों की भी सहायता की जाएगी। पीड़ित परिवारों ने आर्थिक मदद मिलने पर राहत महसूस की। स्थानीय लोगों ने इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कठिन समय में जरूरतमंद परिवारों के साथ खड़ा होना सराहनीय कार्य है।

# देशहित में ठोस सोना नहीं बेचेंगे जिले के सर्राफ

## जिलाधिकारी ने कहा- देश सर्वोपरि

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उपायुक्त (प्रशासन) राज्य कर बिजनौर संजय सिंह ने बताया कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के मद्देनजर प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों से कुछ माह तक बुलियन एवं सोना खरीदने से बचने की अपील की गई है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा सर्राफा एसोसिएशन एवं व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित कर उनकी चिंताओं पर चर्चा की गई।

जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि देशहित को सर्वोपरि रखते हुए सर्राफा कारोबार से जुड़े व्यापारी ठोस सोना (बुलियन) एवं गोल्ड बार की बिक्री से परहेज करें। उन्होंने कहा कि बुलियन और गोल्ड बार की बिक्री कम होने से सोने के आयात में कमी आएगी, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ने वाला दबाव कम होगा। बैठक में लोगों को पुराने स्वर्ण आभूषणों को रिसाइकिल एवं रिडिजाइन कर नये आभूषण तैयार कराने के लिए प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में सर्राफा व्यापारी संगठन के पदाधिकारियों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि जनपद के सभी सर्राफा व्यापारी मुख्यमंत्री के आह्वान के साथ हैं और देशहित में सहयोग करेंगे। बैठक में राज्य कर विभाग के शैलेन्द्र कुमार वार्ष्णेय उपायुक्त राज्य कर खंड-2 बिजनौर सहित सर्राफा एसोसिएशन जनपद बिजनौर के जिलाध्यक्ष कपिल अग्रवाल सर्राफ, महामंत्री विष्णु अग्रवाल, मंत्री अक्षत अग्रवाल तथा अन्य प्रमुख व्यापारी उपस्थित रहे।

# राजकुमार भाटी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग



**चांदपुर ( चिंगारी )।** ब्राह्मण विकास सेवा समिति पंजी उत्तर प्रदेश ने समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी द्वारा ब्राह्मण समाज व जाट समाज के बारे अपमानजनक टिप्पणी पर रोष जताते हुए उनके विरुद्ध नारेबाजी की तथा राष्ट्रपति के नाम उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की गई।

मंगलवार को समिति के अध्यक्ष कृष्णवीर शर्मा फौजी व महासचिव नीरज तिवारी एडवोकेट के नेतृत्व में कार्यकर्ता तहसील पहुंचे तथा सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी के विरुद्ध नारेबाजी कर अपना विरोध जताया। ज्ञापन देने वालों में समिति के अध्यक्ष कृष्णवीर शर्मा फौजी, महासचिव नीरज तिवारी एडवोकेट, पातीराम शर्मा, डा. विनोद शर्मा, संदीप शर्मा होटल वाले, एडवोकेट संजीव शर्मा, अरुण शर्मा, अशोक शर्मा फोटोग्राफर, पंडित रविंद्र भारद्वाज संघर्षी महाराज, नंदकुमार पांडे, नंदकुमार शर्मा, शिवा शर्मा आदि शामिल थे।

# कुर्बानी के जानवरों को चैक पोस्ट पर न रोका जाये



## डीएम व एसपी से मिले मुस्लिम धर्मगुरु

**बिजनौर (चिंगारी)।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिले के मुस्लिम धर्मगुरुओं ने शहर काजी माजिद अली के नेतृत्व में डीएम जसजीत कौर व एसपी अभिषेक झा को एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में प्रशासन से उलेमा ने मांग की कि कुर्बानी के जानवर लेकर आने वाले वाहनों को जिले में बिना अनावश्यक रोक-टोक प्रवेश दिया जाए तथा चैक पोस्टों पर सहयोगात्मक रवैया अपनाया जाए, जिससे व्यापारियों एवं लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। धर्मगुरुओं ने ईदगाहों और मस्जिदों तक जाने वाले मार्गों की सफाई एवं मरम्मत कराने, त्यौहार के दौरान तीन दिनों तक बिजली और पानी की सुचारु व्यवस्था बनाए रखने तथा कुर्बानी के बाद अवशेषों के उचित निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने, असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने और त्यौहार को भाईचारे एवं शांति के साथ संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग भी की। इसके अलावा जेल में बंद मुस्लिम कैदियों के लिए नमाज की व्यवस्था कराने की मांग भी प्रशासन से की गई। इस दौरान काजी माजिद अली शहर काजी बिजनौर, मुफ्ती मौ. आमिर शहर काजी चांदपुर, मौलाना अमानउर्रब शहर काजी शेरकोट, काजी अफ्फानउल हक शहर काजी नजीबाबाद, काजी हारिस अली अध्यक्ष जमीयत उलेमा हिन्द किरतपुर, मुफ्ती मौ. वकार इमाम मस्जिद उमर फारूक बिजनौर, मौ. आसिम बिजनौर आदि मौजूद रहे।

# जनसत्ता दल पार्टी की समीक्षा बैठक का आयोजन



श्री अनुज चौहान का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए पार्टी के पदाधिकारी

**धामपुर ( चिंगारी )।** सोमवार को जनसत्ता दल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह के हाथों को मजबूत करने हेतु जनसत्ता दल युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव अनुज चौहान के धामपुर आगमन पर मिशन 2027 को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले भर से बड़ी संख्या में स्वर्ण समाज एवं गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की।

बैठक में संगठन को मजबूत करने एवं जनसत्ता दल की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही जिले में नई टीम का गठन कर नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये। नियुक्ति पत्र का वितरण जिला अध्यक्ष डॉ. विपिन चौहान द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नरेश वत्स ने कहा कि राजा भैया सर्वसमाज के हितों के लिए सदैव तत्पर रहते हैं और समाज के सम्मान एवं अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ते हैं।

इस अवसर पर मीनू सिसोदिया को जिला अध्यक्ष महिला वर्ग, हरीराज सिंह को जिला सचिव, महेंद्रपाल सिंह को ब्लॉक उपाध्यक्ष तथा केशव को धामपुर विधानसभा प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में विपुल प्रताप सिंह, जयवीर सिंह सिसोदिया, प्रेम कुमार, विशंभर सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयवीर सिंह सिसोदिया ने की।

# पम्प ऑपरेटरों का धरना-प्रदर्शन समाप्त

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत जनपद में कार्य कर रहे पंप ऑपरेटरों और गार्डों का धरना-प्रदर्शन विगत रात्रि अलर्ट कंपनी के अधिकारी से मिले आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। एक माह का वेतन रात्रि में ही उनके बैंक खातों में डाल दिया गया है। पांच दिनों में नियुक्ति पत्र देने का आश्वासन भी दिया गया है।

# भाकियू का बिजलीघर पर धरना जारी

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** मानियावाला बिजलीघर पर तैनात जेई हर्ष शर्मा पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए भाकियू (टिकैत) के बैनर तले किसानों का शनिवार से शुरू हुआ धरना आज पांचवें दिन भी जारी है। यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि कल 21 मई की शाम 4 बजे धरनास्थल पर संगठन की ब्लॉक स्तरीय पंचायत बुलाई गई है, जिसमें आंदोलन की अग्रिम रणनीति तैयार होगी।

# यमुनोत्री धाम में भीड़ बढ़ने से धड़ाम हुआ क्राउड मैनेजमेंट

## सवालों के घेरे में वन वे सिस्टम

**उत्तरकाशी ( चिंगारी )।** चारधाम यात्रा के चरम पर पहुंचते ही यमुनोत्री धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है। ऐसे में भीड़ प्रबंधन में लापरवाही अब यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी बनती जा रही है। धाम में बनाए गए वैकल्पिक वन-वे पैदल मार्ग का प्रभावी पालन नहीं होने से मंदिर परिसर, तप्तकुंड और पुल क्षेत्र में बार-बार जाम और धक्का-मुक्की की स्थिति पैदा हो रही है। श्रद्धालुओं को घंटों तक रुकना पड़ रहा है। कई बार हालात अफरा-तफरी जैसे बन जा रहे हैं। स्थानीय पुरुषोत्तम उनियाल और यात्रा व्यवसाय से जुड़े व्यक्तियों का कहना है कि पिछले दो दिनों में यात्रियों की संख्या अचानक बढ़ी है। इसके अनुरूप व्यवस्थाओं में सख्ती नहीं दिखाई दे रही है। प्रशासन ने भीड़ नियंत्रण के लिए हनुमान मंदिर होते हुए वैकल्पिक पैदल मार्ग बनाया था, जिससे आने और जाने वाले श्रद्धालुओं की आवाजाही अलग-अलग दिशा में बनी रहे, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका पालन पूरी तरह नहीं कराया जा रहा है।

आरोप है कि कई श्रद्धालुओं को अब भी पुल वाले मुख्य मार्ग से मंदिर तक जाने दिया जा रहा है। खासतौर पर वीआईपी दर्शन और विशेष पहुंच के नाम पर कुछ लोगों को निर्धारित व्यवस्था से अलग रास्ते से ले जाया जा रहा है। इससे मुख्य मार्ग पर दबाव बढ़ रहा है। मंदिर क्षेत्र में बार-बार जाम लग रहा है। सबसे अधिक परेशानी तप्तकुंड और संकरे पुल क्षेत्र में देखने को मिल रही है। यहां दोनों दिशाओं से भीड़ पहुंचने पर हालात बेकाबू हो जाते हैं। स्थानीय व्यापारियों और यात्रा संचालन से जुड़े लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि यमुना आश्रम और कालिंदी आश्रम से होकर हनुमान मंदिर तक बनाए गए वन-वे पैदल मार्ग को सख्ती से लागू किया जाए। उनका कहना है कि यदि एक दिशा से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही सुनिश्चित की जाए तो मंदिर परिसर में अव्यवस्था और धक्का-मुक्की पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है।

### दर्शनों के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा

**यात्रियों का कहना है कि भारी भीड़ के बीच छोटे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे ज्यादा परेशान हो रही हैं। कई श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है, जबकि कुछ लोग भीड़ में फंसकर घबराहट का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते व्यवस्था मजबूत नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। उधर, बड़कोट के कोतवाल सुभाष चंद्र ने कहा मामले की जानकारी मिली है। व्यवस्थाओं की समीक्षा कर वन-वे पैदल मार्ग का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। प्रशासन का दावा है कि भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त निगरानी बढ़ाई जाएगी।**

## आईजी गढ़वाल के निरीक्षण के 24 घंटे बाद ही बिखर गई व्यवस्था

**रुद्रप्रयाग ( चिंगारी )।** गौरतलब है कि रविवार को गढ़वाल परिक्षेत्र के आईजी राजीव स्वरूप ने सोनप्रयाग पहुंचकर यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया था और व्यवस्थाओं पर संतोष जताया था, लेकिन महज 24 घंटे बाद सामने आए हालात ने प्रशासनिक दावों की पूरी सच्चाई उजागर कर दी। बता दें कि हर वर्ष करोड़ों रुपये यात्रा व्यवस्थाओं के नाम पर खर्च किए जाते हैं, लेकिन जमीन पर श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिल पा रही हैं। आखिर क्यों हर साल आस्था के नाम पर श्रद्धालुओं को अव्यवस्था, धक्कामुक्की और जान का खतरा झेलना पड़ता है?

मामले में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी रुद्रप्रयाग धर्मेंद्र सिंह बिष्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि सोनप्रयाग से गौरीकुण्ड तक यात्रियों की आवाजाही को लेकर पर्याप्त संख्या में शटल वाहन संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की अत्यधिक संख्या तथा रात्रि में संचालित एक मालवाहक ट्रक के मार्ग पर खराब होने के कारण गौरीकुण्ड से वापस सोनप्रयाग आने वाली कुछ शटल सेवाएं अल्प समय के लिए विलंब से पहुंचीं, जिस कारण सड़क मार्ग पर पैदल आवागमन बढ़ने से कुछ स्थानों पर अस्थायी भीड़ की स्थिति बनी।

## पारिवारिक विवादों का निपटारा आपसी बातचीत के जरिये ही उचित : जयवीर

### महिला पुलिस चौकी पर साक्षरता शिविर आयोजित

**धामपुर ( चिंगारी )।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के माह मई के एक्शन प्लान के तहत निर्धारित व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आज 'मुकदमेबाजी से पूर्व वैवाहिक विवादों का निपटारा मध्यस्थता द्वारा' विषय पर एक साक्षरता शिविर का आयोजन महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी धामपुर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पी.एल.वी. जयवीर सिह ने कहा कि वैवाहिक व पारिवारिक विवादों का निपटारा आपसी बातचीत, मध्यस्थता या परामर्श केन्द्रों के जरिए ही ठीक रहता है। इससे समय,धन की बचत होती है तथा भावनात्मक तनाव भी नही रहता। एस.आई. सीमा खोखर ने बताया कि घरेलू हिंसा,तलाक व दहेज सम्बन्धी विवादों का निपटारा करने की यह स्वैच्छिक व गोपनीय प्रक्रिया है। इसमें पति- पत्नी को बिना किसी पूर्वाग्रह के बातचीत करने का वातावरण तैयार किया जाता है। दोनों पक्षों की बात सुनकर ऐसा समाधान निकाला जाता है जो दोनों पक्षों को स्वीकार्य हो। एस.आई शिवानी चौहान ने कहा कि इसमें परामर्श केन्द्र की टीम जीवन-साथियों के बीच उत्पन्न गलत फहमियों, अहंकार व संचार की कमी को दूर कर विवाह को बचाने प्रयास करते है। शिविर में आशा देवी, सविता, ललिता, शम्मा खातून, नूरजहां, मकसूदा, शाहनवाज आदि ने भाग लिया।

## कथा के समापन पर एसडीएम व डॉ. इन्द्रदेव को सम्मानित किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग स्थित दुर्गा विहार कॉलोनी में संपन्न हुए आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के अंतर्गत आयोजित सम्मान कार्यक्रम में धामपुर की उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा तथा पूर्व भाजपा विधायक एवं विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर इंद्रदेव सिंह को सिद्ध पीठ श्री नवदुर्गा बाबा खाटू श्याम मंदिर के पीठाधीश्वर पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ ने पटका पहनाकर सम्मानित किया। सम्मान कार्यक्रम में दुर्गा विहार कॉलोनी के समाजसेवी कुंवर निहाल सिंह राजपूत, शोभा रानी राजपूत, कुंवर अशोक कुमार सिंह राजपूत एवं लता रानी राजपूत, कुंवर अनिल कुमार सिंह राजपूत एवं रेनू रानी राजपूत, कुंवर आशीष कुमार सिंह राजपूत एवं सुप्रिया रानी राजपूत आदि उपस्थित रहे।



उप जिला अधिकारी को सम्मानित करते हुए आचार्य राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ।

## बाबा मद्महेश्वर की दिव्य डोली कैलाश के लिए रवाना

**रुद्रप्रयाग ( चिंगारी )।** पंचकेदारों में द्वितीय केदार भगवान मद्यहेश्वर की चल विग्रह उत्सव डोली मंगलवार को शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ से विधि-विधान, वैदिक मंत्रोच्चारण एवं धार्मिक परंपराओं के साथ कैलाश के लिए रवाना हो गई। डोली के प्रस्थान के साथ ही मदमहेश्वर घाटी एक बार फिर भक्तिमय वातावरण में डूब गयी और यात्रा पड़ावों पर चहल-पहल लौटने लगी है। भगवान मद्यहेश्वर के पावन कपाट आगामी 21 मई को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ विधिवत खोले जाएंगे।

### 21 मई को खुलेंगे मंदिर के कपाट

सुबह से ही ओंकारेश्वर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। 'हर-हर महादेव' और 'जय बाबा मद्यहेश्वर' के जयघोषों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। डोली यात्रा को लेकर मंदिर समिति, नगर पंचायत एवं हक-हकूकधारियों द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थी। पारंपरिक वाद्ययंत्रों, फूलों से सजी डोली और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच भगवान मद्यहेश्वर की उत्सव डोली ने कैलाश के लिए प्रस्थान किया। डोली यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय ग्रामीण, हक-हकूकधारी एवं विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे भक्त शामिल हुए।

यात्रा मार्ग पर जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा डोली का स्वागत किया गया तथा बाबा के जयकारों से पूरी घाटी शिवमय नजर आई। बीकेटीसी उपाध्यक्ष विजय कपरवान ने जानकारी देते हुए, बताया कि भगवान मद्यहेश्वर की चल विग्रह उत्सव डोली आज प्रथम रात्रि प्रवास हेतु राकेश्वरी मंदिर रासी पहुंचेगी। इसके बाद बुधवार को डोली अंतिम रात्रि प्रवास के लिए गौण्डार गांव पहुंचेगी तथा 21 मई को वेद ऋचाओं एवं वैदिक परंपराओं के अनुसार भगवान मद्यहेश्वर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे।

## डीएम ने कुख्यात बिल्डर पुनीत अग्रवाल को किया 6 माह के लिए जिला बदर

### आयोजन की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों पर जिला प्रशासन करेगा सख्त कार्रवाई

**देहरादून ( चिंगारी )।** जिला प्रशासन ने कानून व्यवस्था एवं आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एटीएस कॉलोनी में आतंक और भय का वातावरण पैदा करने वाले बिल्डर पुनीत अग्रवाल के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। जिला मजिस्ट्रेट सविन बंसल ने उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड गुण्डा नियंत्रण अधिनियम-1970 की धारा 3(3) के अंतर्गत पुनीत अग्रवाल को 'गुण्डा' घोषित करते हुए 06 माह के लिए जनपद देहरादून की सीमा से बाहर रहने के आदेश जारी किए हैं।

प्रकरण की शुरुआत एटीएस कॉलोनी निवासी एवं डीआरडीओ वैज्ञानिक हेम शिखा सहित अन्य निवासियों द्वारा 25 अप्रैल 2026 को जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्र से हुई। शिकायत में आरोप लगाया गया कि पुनीत अग्रवाल द्वारा 13 अप्रैल 2026 को डीआरडीओ में कार्यरत वैज्ञानिक के परिवार पर आक्रामक एवं जानलेवा हमला किया गया। मारपीट में पीड़ित का कान का पर्दा फट गया तथा महिलाओं एवं बुजुर्गों के साथ अभद्रता और गाली-गलौच की गई। शिकायतकर्ताओं ने आरोपी को महिलाओं, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों को डराने-धमकाने वाला असामाजिक तत्व बताते हुए गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट ने उप जिलाधिकारी मसूरी से गोपनीय जांच कराई गई। जांच में क्षेत्रवासियों ने बताया कि पुनीत अग्रवाल का व्यवहार लगातार भय और असुरक्षा का वातावरण उत्पन्न कर रहा था तथा उसके विरुद्ध पहले से कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। थाना रायपुर में दर्ज एफआईआर, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो क्लिप्स तथा स्थानीय निवासियों की सामूहिक शिकायतों को न्यायालय ने गंभीरता से लिया। प्रकरण में डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं निदेशक मनोज कुमार ढाका द्वारा भी शिकायत प्रस्तुत कर कार्रवाई की मांग की गई थी।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पुनीत अग्रवाल अगले 06 माह तक देहरादून जनपद की सीमा में बिना अनुमति प्रवेश नहीं कर सकेगा। यदि वह आदेश का उल्लंघन करता है, तो उसके विरुद्ध कठोर कारावास एवं जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। थाना रायपुर पुलिस को आदेश की तत्काल तामील कराते हुए आरोपी को 24 घंटे के भीतर जनपद से बाहर भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटिर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# घोड़े पर हरे लबादे में सैयद राजू की मदद को खुद जोगीपुरा आए थे मौला अली

## कहतें हैं आंखों पर हाथ रखकर हटाते ही लौट आई थी अंधे ब्राह्मण की आंखों की रोशनी

-नौशाद मुल्तानी





**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** जोगीपुरा स्थित विश्व प्रसिद्ध दरगाहे आलिया नज्फे हिंद पर सैयद राजू की मदद को मौला अली खुद आये थे। सैयद राजू ने बशारत होने के बाद वहां निशाने सिम हजरत अली के घोड़े के पांव के निशान पर छोटी दरगाह तामीर कराई थी। दरगाह तामीर के लिये वहां दूर-दूर तक पानी नहीं मिला तो दोबारा बशारत होने पर वहां गूलर के पेड़ के नीचे खुदाई के बाद पानी का चश्मा फूट पड़ा था। इसके बाद से लगातार प्रत्येक वर्ष देश-विदेश से लाखों की संख्या में जायरीन मजलिसों के दौरान मौला अली के दरबार में पहुंचकर खिराजे-अकीदत पेश करने के साथ चादर व शीरनी चढ़ाकर दुआएं व मन्नतें मांगते हैं।

नजीबाबाद से करीब आठ कि.मी. दूर रायपुर मार्ग पर ग्राम जोगीपुरा में विश्व प्रसिद्ध दरगाहे आलिया नज्फे हिंद न सिर्फ देश के बल्कि विदेशों के शिया समुदाय के लिये आस्था का केंद्र है। दरगाहे आलिया नज्फे हिंद के इतिहास के बारे में बताया जाता है कि सैयद राजू बहादुरी व फय्याजी की बिना पर अपने वालिद सैयद अलाउद्दीन के इंतकाल के बाद बादशाह के मुशीरे खास हो गये। हैदराबाद में हुई बगावत को दबाने के लिये सैयद राजू को भेजा गया। इसी दौरान औरंगजेब ने अपने वालिद शाहजहां को कैद करके जेल में डाल दिया और सैयद राजू का कत्ल करने का इरादा कर लिया। यह खबर मिलने पर सैयद राजू फौज से निकलकर नजीबाबाद के समीप स्थित जोगीपुरा में आकर बस गये थे। वहां खुफिया तौर पर रहने लगे थे। सैयद राजू ने हर वक्त अली और अदकनी का वजीफा शुरू कर दिया और बहुत आजारी से मौलाए कायनात को याद फरमाते। एक दिन एक वृद्ध ब्राह्मण जिसकी निगाह कमजोर थी, दोपहर के समय जंगल में घास खोद रहा था। ब्राह्मण को अचानक घोड़े के टापों की आवाज सुनाई दी। घोड़े पर सवार एक नकाबपोश उसके पास पहुंचा और सैयद राजू को बुलाकर लाने की बात कहने पर वृद्ध ब्राह्मण ने खुद को अंधा बताया। तब नकाबपोश ने ब्राह्मण को आंखों पर हाथ रखकर हटने को कहा। ऐसा करने पर ब्राह्मण के आंखों की रोशनी लौट आयी। ब्राह्मण ने देखा कि घोड़े पर हरे लबादे में मौला अली बड़े रौब, अदब जलाल व वकार के मौजूद थे। ब्राह्मण ने सैयद राजू के पास पहुंचकर सारा वाक्या बयान किया। ये सुनकर सैयद राजू जंगल की तरफ भागे। इस पर अन्य परिजन भी उनके पीछे-पीछे भागने लगे। जब वो उस मुकाम पर पहुंचे, तो सिवाये निशाने सिम घोड़े के पैरों के निशान के कुछ नज़र नहीं आया। बाद में सैयद राजू ने वहीं छोटी दरगाह तामीर कराई। सैयद राजू दरगाह पर जियारत के लिए रोजाना जाते और मजलिस बरपां करते। उसके बाद यह दरगाह विश्व प्रसिद्ध दरगाह बन गई। उक्त दरगाह शिया सम्प्रदाय की आस्था की प्रतीक बन चुकी है। सालाना मजलिसों के दौरान दरगाह पर देश के साथ विदेशों से भी शिया सम्प्रदाय के लोग दरगाह पर आकर जियारत करते हैं।

### वह खुद को छुरी व जंजीरों से लहूलुहान कर लेते हैं

जोगीपुरा दरगाह पर सालाना मजलिसों में आने वाली विभिन्न अंजुमनों में शामिल जायरीन दरगाह पर चार दिन तक खतरनाक तरीके से मातम भी करते हैं। काफी जायरीन छुरी-जंजीरों से मातम कर अपने आपकों लहू-लुहान कर लेते हैं। दरगाह पर सीनाजनी की आवाजें दूर तक गूंजती है।

### ज़ख़्मों पर दवा की तरह काम करता है चश्मे का पानी

विश्व प्रसिद्ध दरगाहे आलिया नज्फे हिंद जोगीपुरा परिसर में स्थित चश्मे के बारे में मान्यता है कि चश्मे का पानी पीने से जहां बीमारी दूर होती है। वहीं सालाना मजलिसों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आकर मातम करने वाली अंजुमनों में शामिल जायरीनों के मातम के दौरान शरीर पर आने वाले जख्मों पर चश्मे का पानी दवा की तरह काम करता है।

## जोगीपुरा दरगाह पर बस गया तंबुओं का शहर



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** विश्व प्रसिद्ध दरगाहे ए आलिया नज्फे हिंद जोगीपुरा में सालाना मजलिसों को लेकर दरगाहें परिसर में तम्बुओं का शहर बस गया है। दरगाह पर जायरीनों का आने का सिलसिला शुरू हो गया। कमेटी जायरीनों के ठहरने के लिए टेंट में रुकने के इंतजाम कर रही हैं। साथ ही जायरीनों के लिए खाने-पीने के सामान की दुकानें लग चुकी हैं। दरगाह के मीडिया प्रभारी जिया अब्बास ने बताया कि प्रशासक मौलाना शबाब नकवी के दिशा निर्देश पर मजलिसों के दौरान दरगाह पर रास्ते का चौड़ीकरण किया गया है, जिससे आने-जाने वाले जायरीनों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। भीड़ वाले रास्तों पर दुकान स्वामियों को हिदायत दी गई है कि वह अपनी हदबंदी में ही दुकान लगाएं।

## दरगाह पर सालाना मजलिसें कल से, तैयारियां पूरी

विश्व प्रसिद्ध दरगाहे आलिया नजफे हिंद पर प्रत्येक वर्ष चार दिवसीय सालाना मजलिसों का आयोजन किया जाता है। सालाना मजलिसें कल 21 मई से शुरू होने जा रही है। दरगाह के प्रशासक मौलाना शबाब नकवी ने बताया कि इस बार दरगाह पर सालाना मजलिसों का आयोजन 21, 22, 23 व 24 मई को होगा। दरगाह पर मजलिसों की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सालाना मजलिसों में देश विदेश से दरगाह आने वाले जायरीनों के ठहरने के लिए माकूल प्रबंध किये गये है। जायरीनों को सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है।









# अवैध रूप से सील खोलकर क्लीनिक चलाने पर मुक़दमा दर्ज कराया

**नगीना ( चिंगारी )।** स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी ने ग्राम मझेड़ा के अप्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा अपने क्लीनिक पर लगी सील को अवैध तौर पर खोल दिए जाने के आरोप में थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी/नगीना के नोडल अधिकारी डॉक्टर केपी सिंह द्वारा नगीना थाने में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया कि ग्राम कल्याणपुर निवासी एक महिला के द्वारा जिलाधिकारी को भेजे गए शिकायती पत्र में अशरफ अंसारी निवासी ग्राम कल्याणपुर पर बिना डिग्री के अवैध रूप से चिकित्सा अभ्यास करने की शिकायत की गई थी। शिकायती पत्र के बाद जांच की गई तो अशरफ अंसारी को नोटिस देकर तत्कालिक नोडल अधिकारी डॉ. प्रमोद देशवाल ( एसीएमओ ) द्वारा क्लीनिक को सील किया गया था। बाद में शिकायत मिली कि बगैर आज्ञा क्लीनिक संचालित किया जा रहा है। कहा गया कि 30 मार्च को क्लीनिक का पुन: निरीक्षण किया गया तो क्लीनिक की सील खुली पायी गई, जिसको पुन: सील कर नोटिस जारी कर दिया गया था। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया है।